C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:14 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:44 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 140 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 23 नवंबर 2024



अली फजल-जोया अख्तर समेत...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### छात्र संघ चुनाव की तिथि को लेकर गोलज्यू दरबार पहुंचा छात्रसंघ

**हल्द्वानी।** छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित न होने से परेशान संभावित छात्र संघ प्रत्याशियों ने अब देवभूमि उत्तराखंड के न्यायकारी गोल्जू देवता के मंदिर घोड़ाखाल में अपनी अर्जी लिख गोल्जू देवता के मंदिर में घंटी और ध्वज चढ़ाया। इस मौके में आशीष कंडवाल ने कहा कि हमने भगवान से प्रार्थना की है कि न्यायकारी गोल्जू देवता हम छात्रों की समस्या का समाधान कर शासन व प्रशासन को सद्बुधि दें ताकि वह हमारे छात्र संघ चुनाव को जल्द से जल्द पूर्ण कराए। इस मौके में आशीष कंडवाल, कमलेश चंद्र, करन और अभिषेक उपस्थित रहे।

### 6 पेटी अवैध देसी शराब समेत एक दबोचा

**हल्द्वानी।** अवैध रूप से शराब बिक्री का सिलसिला नगर में जारी है आए दिन अवैध रूप से नगर में शराब धड़ल्ले से बिक रही है। हालांकि पुलिस छोटे-मोटे शराब तस्करों को पकड़ कर अपने हाथों से अपनी पीठ थप थापती नजर आती है। बीती रात भी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है गोलापुर खेड़ा चौकी प्रभारी मनोज कुमार अपने दलबल के साथ बीती रात होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट, आदि की चेकिंग कर रहे थे चेकिंग करते-करते पुलिस गोलापुर स्टेडियम के समीप पहुंची जहां एक युवक पुलिस के को देखकर झाड़ियां में छुपने लगा संदेह होने पर पुलिस ने झाड़ियां में चुप रहे युवक को पकड़ लिया उसने बताया कि उसके पास 6 पेटी देसी मार का शराब है जो वह ग्रामीणों को महंगे दामों में बेचता है पूछताछ में उसने अपना नाम अजय सिंह बिष्ट निवासी पश्चिमी खेड़ा गोलापार बताया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शराब तस्कर को न्यायालय में पेश किया है।

शैलारानी रावत के निधन के बाद केदारनाथ विस में उपचुनाव

# केदारघाटी की सीट जनता ने भाजपा को सौंपी

**इस वर्ष नौ जुलाई को केदारनाथ विधानसभा की विधायक शैलारानी रावत के निधन से यह सीट खाली हो गई थी। 20 नवंबर को इस सीट पर उपचुनाव हुए। 90 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।**



**राउंड 5**

**भाजपा**- आशा नौटियाल- 1790
**कांग्रेस**- मनोज रावत-1652
**यूकेडी**- आशुतोष भंडारी-85
**निर्दलीय**- त्रिभुवन चौहान-1577
**निर्दलीय**- कैप्टन आरपी सिंह-51
**पीपीआई डेमोक्रेटिक**- प्रदीप रोशन रूडिया-45

**राउंड 6**

**भाजपा**- आशा नौटियाल- 1598
**कांग्रेस**- मनोज रावत-1264
**यूकेडी**- आशुतोष भंडारी-75
**निर्दलीय**- त्रिभुवन चौहान-700
**निर्दलीय**- कैप्टन आरपी सिंह-41
**पीपीआई डेमोक्रेटिक**- प्रदीप रोशन रूडिया-22

**राउंड 7**

**भाजपा**- आशा नौटियाल- 1916
**कांग्रेस**- मनोज रावत-2309
**यूकेडी**- आशुतोष भंडारी-71
**निर्दलीय**- त्रिभुवन चौहान-346
**निर्दलीय**- कैप्टन आरपी सिंह-45
**पीपीआई डेमोक्रेटिक**- प्रदीप रोशन रूडिया-32



**राउंड 8**

**भाजपा**-आशा नौटियाल- 1627
**कांग्रेस**- मनोज रावत-1032
**यूकेडी**- आशुतोष भंडारी-63
**पीपीआई डेमोक्रेटिक**- प्रदीप रोशन रूडिया-28
**निर्दलीय**- त्रिभुवन चौहान-400
**निर्दलीय**- कैप्टन आरपी सिंह-20

**राउंड 9**

**भाजपा**- आशा नौटियाल- 2137
**कांग्रेस**- मनोज रावत-1933
**यूकेडी**- आशुतोष भंडारी-558
**पीपीआई डेमोक्रेटिक**- प्रदीप रोशन रूडिया 60
**निर्दलीय**- त्रिभुवन चौहान-536
**निर्दलीय**- कैप्टन आरपी सिंह-58

**राउंड 10**

**भाजपा**- 18139
**कांग्रेस**- 14063
**निर्दलीय ( त्रिभुवन सिंह )**- 8790

**राउंड 11**

**भाजपा**- 20078
**कांग्रेस**- 15903
**निर्दलीय**- (त्रिभुवन सिंह) 9019

**राउंड 12**

**भाजपा**- 22331
**कांग्रेस**- 17440
**निर्दलीय**-(त्रिभुवन सिंह) 9241

**अंतिम तेरहवें राउंड की मतगणना में**

आशा नौटियाल ने अंतिम तेरहवें राउंड की मतगणना में 23130 मत प्राप्त कर कांग्रेस के मनोज रावत को 5130 मतो से हराया। कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत को 18031 और निर्दलीय विभुवन चौहान को 9266 मत मिले। यूकेडीआशुतोष भंडारी 1301, निर्दलीय कैप्टन आरपी सिंह 486, पीपीआई डेमोक्रेटिक प्रदीप रोशन रूडिया 477 वोट मिले हैं।

## भाजपा की जीत पर मिष्ठान वितरण और जश्न



**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल के जीतने पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा मुखानी चौराहे पर मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई गई।

इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका जीना ने कहा कि केदारनाथ क्षेत्र की जनता और बाबा केदार का आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी को मिला है और इस चुनाव ने जनता ने कांग्रेस को आईना दिखाया है। महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष राशि जैन, पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू अधिकारी ने भी केदारनाथ उप चुनाव में भाजपा की जीत पर वहां की जनता को धन्यवाद देते हुये कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विकास की सोच पर जनता ने मुहर लगाई है। केदारनाथ उप चुनाव जीत पर विधायक बंशीधर भगत व सरिता आर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, जिला मंत्री विनीत अग्रवाल, प्रताप सिंह रेकवाल,, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, प्रमोद तोलिया, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला आदि ने आशा नौटियाल को बधाई दी। विधायक बंशीधर भगत के आवास पर भाजपा प्रवक्ता विकास भगत के नेतृत्व में केदारनाथ में शानदार विजय दर्ज करने, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में शानदार जीत पर कार्यकर्ताओं को मिष्ठान वितरण किया गया। विकास भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार जीत दर्ज की है, इससे सपष्ट है कि जनता भाजपा के विकास मॉडल को स्वीकार करती है और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास चाहती है।

## महाराष्ट्र महायुति गठबंधन एकतरफा जीत की ओर

**मुंबई**

**एजेंसी**

महाराष्ट्र चुनाव के शुरुआती रुझानों में भाजपा के नेतृत्व वाला महायुति गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है। महा विकास अघाड़ी गठबंधन 100 सीटों को भी तरस गया है।

औरंगाबाद ईस्ट सीट से एआईएमआईएम के उम्मीदवार इम्तियाज जलील सईद आगे चल रहे हैं। डिंडौसी सीट पर शिवसेना के संजय निरूपम आगे चल रहे हैं। अणुशक्ति नगर सीट से एनसीपी एसपी उम्मीदवार फहद अहमद आगे चल रहे हैं।

वहीं एनसीपी उम्मीदवार और वरिष्ठ नेता नवाब मलिक की बेटी सना मलिक दूसरे नंबर पर हैं। हालांकि दोनों के बीच महज 162 वोटों का अंतर है और कांटे की लड़ाई जारी है।

एनसीपी कार्यकर्ता मुंबई में पार्टी प्रमुख और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के आवास के बाहर ढोल बजाते, नाचते और जश्न मनाते हैं, क्योंकि चुनाव आयोग के आधिकारिक रुझानों में महायुति एक बार फिर राज्य में सरकार बनाती दिख रही है।

मुंबई अंधेरी ईस्ट सीट से शिवसेना के मुरजी पटेल करीब 17 हजार वोटों से आगे चल रहे हैं। वहीं शिवसेना यूबीटी की रुतुजा रमेश लाटके दूसरे नंबर पर हैं। महायुति नेताओं के आवास पर जश्न मनना शुरू हो गया है।

भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कहा कि लोगों ने विकास और विश्वास के साथ भाजपा नीत महायुति को समर्थन दिया है। वहीं लव जिहाद, वोट जिहाद, लैंड जिहाद का समर्थन करने वाली कांग्रेस को ठुकरा दिया है।

## जनसमस्याओं को देखते हुए निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

आम जनता की समस्याओं का समाधान करते हुए विधायकप्रतिनिधि सैयद इशरत अली ने शनिवार को मलिक के बगीचे में एक निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन सैयद इशरत अली विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया मेडिकल कैंप में लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान हजारों की तादात में मैरिज कैंप में फायदा उठाने के लिए पहुंचे जहां मरीजों की आंख, शुगर की जांच निशुल्क की गई और मरीजों को दवाइयां भी निशुल्क दी गई कैंप के उद्घाटन के मौके पर इशरत अली ने कहा है कि वह गरीबों के हितों के लिए ऐसे



निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन करवाते रहेंगे मेडिकल कैंप में सैकड़ो मरीज ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।

## यूपी में सात सीटों से भाजपा आगे, गाजियाबाद में जीती भाजपा

**यूपी**

**एजेंसी**

गाजियाबाद सदर सीट पर भाजपा के संजीव शर्मा 69676 वोटों से जीत गए हैं। संजीव शर्मा को 96550 वोट मिले हैं। सपा को 27174 वोट मिले हैं। बीएसपी को 10729 वोट मिले। सपा जमानत बचाने में कामयाब रही। बाकी सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई है। ईवीएम की मतगणना खत्म हो गई है।

उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतगणना जारी है। यूपी की कानपुर की सीसामऊ सीट पर सपा ने जीत दर्ज कर ली है। जबकि एक सीट पर सपा ने बढ़त बना रखी है। भाजपा सात सीटों पर आगे है। मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर 14वें चरण की मतगणना के अनुसार, रालोद



की मिथलेश पाल को 2712 वोट मिले हैं। सपा प्रत्याशी सुम्बुल राना को 2969 मत प्राप्त हुए। बसपा के शाह नजर को 43 वोट और आसपा के जाहिद हुसैन को 553 मत प्राप्त हुए हैं।

मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर 15वें राउंड में भाजपा के रामवीर सिंह ने लगातार बढ़त बनाए हुए है। इस राउंड में रामवीर सिंह को 91,833 वोट मिले, जबकि सपा के मोहम्मद रिजवान को 10,417 वोट मिले। भाजपा ने सपा को 87,091 वोटों से पीछे छोड़ते हुए अपनी स्थिति मजबूत की है। इसके साथ ही कुल 1,18,155 वोटों की गिनती पूरी हो चुकी है। इस राउंड में बसपा के प्रत्याशी रफतुल्ला को 542 वोट मिले, जबकि आजाद समाज पार्टी के चांद बाबू को 4,865 वोट मिले। अन्य उम्मीदवारों में एआईएमआईएम के मोहम्मद वारिश को 3,376 वोट, स्वतंत्र उम्मीदवार मस्रूर को 69 वोट, और शोकिन को 170 वोट मिले हैं।

अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में 21वें चरण में भाजपा आगे और सपा पीछे चल रही है। भाजपा के सुरेंद्र दिलेर को 72124 मत प्राप्त हुए हैं। सपा की चारु केन को 41846 वोट मिले हैं। बसपा के डॉ. पहल सिंह को 10148 मत प्राप्त हुए हैं। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम ) के नितिन कुमार चौटेल को 5620 वोट मिले हैं। मिर्जापुर की मझवां में मतगणना के 19वें राउंड में भाजपा 2977 मत से आगे चल रही है। भाजपा की शुचिस्मिता मौर्य को 48049 वोट तो सपा की डॉ. ज्योति बिन्द को 45072 वोट मिले। वहीं बसपा के दीपक तिवारी को 19614 मत मिले हैं।

# पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो, चार की मौत, तीन घायल

**बिजनौर**

**एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के बिजनौर में शुक्रवार देर रात स्कार्पियो कार की तेज रफ्तार चार जिंदगियों पर भारी पड़ गई। हादसे में में चार लोगों की मौत हुई है जबकि तीन घायल हुए हैं।

बिजनौर जनपद के नहटौर में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में एक ही परिवार के दो बच्चो व दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार रात थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर निवासी सुल्तान (35) पुत्र असरफ अली अपनी पत्नी गुलअफ्सा (28), पुत्री अनादिया (8 दिन), अलिशा (6), पुत्र शाद (5), बहन चांद बानो (35) और भांजी अदिबा (14 ) के साथ नजीबाबाद थाना क्षेत्र में मेला देखने गया था। रात करीब 11 बजे वे घर लौट रहे थे। इसी दौरान परिवार हादसे का शिकार हो गया। नहटौर कोतवाली रोड पर



ऑक्सफोर्ड स्कूल के पास उनकी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खडे पेड़ से टकरा गई। हादसे में सुल्तान की पत्नी गुलअफ्सा, दोनों पुत्रियां अनादिया, अलिशा और बहन चांद बानो की मौके पर मौत हो गई जबकि सुल्तान, उसका पुत्र शाद और भांजी आदिबा घायल हो गए।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर एएसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल व सीओ सर्वम सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली तथा पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।





# प्रो. पदम को चक्रानुक्रम में पुनः विभागाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने डीएसबी परिसर के अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. पदम सिंह बिष्ट के चक्रानुक्रम में पुनः विभागाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी के नेतृत्व में कूटा परिवार ने उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

बता दें वर्तमान में प्रो. बिष्ट कला संकाय के संकायाध्यक्ष भी हैं।

कूटा ने प्रो.राजीव उपाध्याय के विभागाध्यक्ष एवं संयोजक भूविज्ञान बनने पर उन्हें बधाई दी,वहीं कूटा ने डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान के पूर्व छात्र तथा पर्यावरण संस्थान कोसी अल्मोड़ा के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. जीसी एस नेगी के मानस खंड साइंस सेंटर अल्मोड़ा में एमिरेट्स साइंटिस्ट यूकॉस्ट बनने तथा कार्यभार ग्रहण करने पर डॉक्टर नेगी को बधाई एवं शुभ कामनाएं दी हैं।

# उत्तरकाशी के मस्जिद विवाद पर जिलाधिकारी व एसएसपी को व्यवस्था देखने के दिए निर्देश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी के भटवारी रोड स्थित सुन्नी समुदाय की मस्जिद विवाद के मामले में मस्जिद की सुरक्षा को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी व एसएसपी उत्तरकाशी को निर्देश दिए हैं कि वहां पर स्थित सभी धार्मिक स्थलों में कानून व्यवस्था बनाएँ रखें और डीजीपी 27 नवम्बर (बुधवार) तक स्थिति से कोर्ट को अवगत कराएं। मामले की अगली सुनवाई 27 नवम्बर (बुधवार) की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार उत्तरकाशी के अल्पसंख्यक सेवा समिति ने इस मामले में याचिका दायर कर कहा है कि बीते 24 सितंबर (मंगलवार) से कुछ संगठनों के द्वारा भटवारी रोड स्थित सुन्नी सुमदाय की मस्जिद को अवैध बताकर उसे ध्वस्त करने की धमकी दी जा रही है जिसकी वजह से वहां दोनों समुदाय में तनाव की स्थिति उतपन्न हो गयी है इसलिए मस्जिद की शुरक्षा करने के आदेश राज्य सरकार की दी जाए। याचिका में आगे कहा गया यह मस्जिद वैध है। वर्ष 1969 में जमीन खरीद कर बनाई गई जबकि वर्ष 1986 में वक्फ कमिश्नर ने इसका निरीक्षण किया और मस्जिद वैध पाई गई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डॉ. कार्तिकेय हरि गुप्ता ने कोर्ट को यह भी बताया कि इस तरीके के भड़काऊ बयान देना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को आदेश देकर कहा कि अगर किसी जाति धर्म या समुदाय के लिए भडकाऊ बयान का सहारा लिया जाता है तो राज्य सरकार सीधे मुकदमा दर्ज करें नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होगा लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक इस मामले में किसी के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है।

## NEWS / फटाफट

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य विधिक प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी के दिशा निर्देशन में यशवंत कुमार द्वारा शुक्रवार को अटल उत्कृष्ट आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में यशवंत कुमार द्वारा नालसा गीत व शॉर्ट स्टोरी वीडियो के माध्यम से छात्राओं को हक हमारा भी तो है कैंपेन के तहत नालसा योजना तथा पीडितो को न्याय दिलाना तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रियाकलापों कार्यक्रमों सेमिनार के विषयों पर विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई। शिविर में नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में विस्तार से छात्र छात्राओं को जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम शिविर में छात्रों सहित अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहे। अध्यापको द्वारा कहा गया भविष्य में इस प्रकार के जागरूकता शिविर होते रहनी चाहिए ताकि छात्र छात्रों में हमेशा सरल कानूनी ज्ञान का विकास होता रहे।

### नियमितीकरण नियमावली को लेकर आंदोलन जारी

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली 2024 शीघ्र जारी करने को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत किया जा रहा पौधारोपण आंदोलन शुक्रवार को 141वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार के प्रमुख निजी सचिव भूपेंद्र सिंह बसेड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया साथ ही भूपेन्द्र सिंह बसेड़ा ने पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि उनकी भावनाओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। पौधारोपण कार्यक्रम में वेद प्रकाश, पदम सिंह, रचना, हर सिंह, शेर सिंह, शोभा राम, सौरभ खोलिया, गोपाल बिष्ट, दीपक, राजेंद्र सिंह, महेश कुमार तथा नरेंद्र थापा सहित निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डीएसबी परिसर में संवेदीकृत कार्यशाला आयोजित

**नैनीताल।** बाल विकास विभाग की ओर से कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में शुक्रवार को बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को संवेदीकृत कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने जहां एक ओर छात्राओं को कई अहम जानकारियां दी तो वहीं छात्राओं से बातचीत कर कई असुरक्षित स्थानों की सूची तैयार की, साथ ही छात्राओं से उनके उनकी राय ली। परिसर की कई छात्राओं ने परिसर में सेल्फ डिफ़ेंस की कक्षाओं की संचालन करने की मांग की। विभाग ने नैनीताल में 30 से अधिक असुरक्षित स्थानों अयारपाटा, ठंडी सडक़, गाड़ी पड़ाव, बम्बूज हर्टस, परिसर के नीचे स्थित कैंटीन आदि की सूची तैयार की। कार्यक्रम का संचालन डीएसबी परिसर की आंतरिक शिकायत कमेटी की अध्यक्ष प्रो. चंद्रकला रावत ने किया। परिसर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी रिचा सिंह ने व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्राओं से कहा परिसर में शिक्षकों के साथ ही घर पर अभिभावकों के साथ फ्रेंडली व्यवहार करना चाहिए साथ ही छात्राओं को सभी हेल्प लाइन के नंबर की जानकारी दी। इस दौरान परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा समेत प्रो. लता पांडे, शिल्पा जोशी तथा डॉ. दीप्ति धामी आदि मौजूद रहे।

### पदोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**नैनीताल ।** लोक निर्माण विभाग नियमित/ वर्कचार्ज कर्मचारी संघ ने अनुरक्षक पद से वरिष्ठ अनुरक्षक पद पर पदोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर नैनीताल जिले के नोडल खण्ड अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड नैनीताल कार्यालय में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। संघ के जिलाध्यक्ष हिमांशु पांडे व महामंत्री गोधन सिंह नेगी द्वारा प्रांतीय खण्ड के अधिशासी अभियंता को इस आशय का नोटिस दिया है, जिसमें कहा है कि अधीक्षण अभियंता द्वितीय नैनीताल ने नोडल खण्ड तथा प्रांतीय खण्ड के अधिशासी अभियंता को 28 अगस्त 2024 को पत्र भेजकर विभाग के नियमित व वर्कचार्ज कर्मचारियों की मांगों पर एक हफ्ते के भीतर कार्यवाही के निर्देश दिए थे लेकिन नोडल अधिकारी द्वारा तीन माह बाद भी इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की है जिससे नियमित व वर्कचार्ज कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने प्रांतीय खण्ड कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है ।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# मल्लीताल में अराजक तत्वों ने खड़ी स्कूटी में आग लगाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के मल्लीताल क्षेत्र में अराजक तत्वों का आतंक दिन प्रतिदिन बढता ही जा रहा है। देर रात अराजक तत्वों ने मल्लीताल दयाल रेडियोज के आगे खड़ी स्कूटी में आग लगा दी। देर रात स्कूटी में आग लगी देख एक स्थानीय युवक ने आग बुझाने की कोशिश की तो वह भी झुलस गया। सूचना के बाद पहुंची दमकल व पुलिस की टीम ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार मल्लीताल क्षेत्र में रात लगभग साढे बारह बजे दयाल रेडियोज के समीप एक स्कूटी में आग लगते एक युवक ने देखा। जब युवक ने आग बुझाने की कोशिश की तो वह आग की चपेट में आ गया। जिसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद दमकल व पुलिस की टीम ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक एक स्कूटी व उसकी चपेट में आने से एक दो बाइकें भी आग का शिकार हो चुकी थीं। वही आग में झुलसे युवक को पुलिस उपचार के लिए राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल ले गई।



प्रतीक फोटो

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में रोजाना देर रात तक अराजक तत्वों नशेड़ी युवकों का जमावड़ा रहता है। इससे पूर्व भी अराजक तत्व खड़े सामान के ठेलों पर आग लगा चुके हैं। लोगों का कहना है कि अराजक तत्वों पर कारवाई नहीं हुई तो कभी बड़ा हादसा हो सकता है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार मलिक ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की जांच कर स्कूटी में आग लगने का पता लगाया जाएगा।

# सकुशल छात्र बरामद, परिजनों और पुलिस ने ली राहत की सांस

**रुद्रपुर।** शुक्रवार को एक छात्र के गायब होने की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस और परिजन रातभर तलाशते रहे सुबह को छात्र मोर्चरी के पास मिला।

छात्र के मिलने पर परिवार व पुलिस ने राहत की सांस ली। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को रम्पुरा निवासी छात्र के गायब होने की सूचना ने पुलिस में हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने छात्र की तलाश शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि छात्र की तलाश पुलिस के साथ ही परिजन रातभर करते रहे। पुलिस को आज सुबह छात्र मोर्चरी के पास मिला। छात्र के मिलने के बाद परिजनों के साथ ही पुलिस ने राहत की सांस ली। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि छात्र को उसके परिजनों को सौंप दिया।

# क्वारब की पहाड़ी के ट्रीटमेंट के लिए केंद्र ने दिए 18 करोड़

**अल्मोड़ा**

**हमारे संवाददाता**

पहाड़ों के सफर को प्रभावित करने वाले क्वारब की पहाड़ी का ट्रीटमेंट अब तेजी से शुरू होगा। इसके लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और राज्यमंत्री अजय टम्टा की पहल पर केंद्र सरकार ने पहाड़ी ट्रीटमेंट के लिए 18 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इसके लिए निविदा भी आमंत्रित कर दी है।

बीते को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा ने मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी और अन्य अधिकारियों के साथ क्वारब की दरकती हुई पहाड़ी तथा ट्रीटमेंट होने तक किन रास्तों का वैकल्पिक रूप में प्रयोग किया जा सकता है, इसका निरीक्षण किया। उन्होंने तेजी से ट्रीटमेंट करने के निर्देश दिए। टम्टा ने क्वारब का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को टीएचडीसी के प्लान के अनुसार ट्रीटमेंट करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार 18 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। जब तक इस समस्या का स्थायी हल नहीं निकल जाता तब तक वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाएगा। वहीं डीएम आलोक कुमार पांडे ने बताया कि वैकल्पिक मार्ग को दुरुस्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग को 10 लाख रुपये तत्काल उपलब्ध कराए गए हैं तथा काम जल्द पूरा करने के लिए कहा गया है। क्वारब की पहाड़ी के दरकने से अल्मोड़ा -हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग तीन दिन से पूरी तरह बंद है। इससे कुमाऊं के तीन जिलों अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और बागेश्वर की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित है। प्रतिदिन करोड़ों रुपये का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। इन जिलों का सफर करीब 50 से 100 किमी अतिरिक्त हो गया है।

# अभिमत

## बड़ा फैसला

***उत्तराखंड सरकार ने सभी निजी अस्पतालों में आयुष्मान के तहत इलाज को अनिवार्य बनाने का बड़ा फैसला किया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अस्पतालों में आयुष्मान योजना के लिए 10 से 15 बेड आरक्षित किये जायेंगे। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा की समुचित व्यवस्था करने में सरकार के सभी प्रयास विफल हुए हैं। कुछ पर्वतीय शहरों व कस्बों के निजी अस्पतालों में चिकित्सा की संतोषजनक व्यवस्था है, परन्तु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज निजी अस्पताल का महंगा इलाज करा पाने में असमर्थ रहते हैं। सभी निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा से लोगों को बड़ी राहत होगी।***

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत शुरू की, जिसके अंतर्गत पांच लाख रुपये तक निशुल्क इलाज की सुविधा है। सभी सरकारी अस्पतालों के साथ कुछ निजी अस्पताल सूचीबद्ध किये गये हैं। इस योजना से करोड़ों लोगों का इलाज किया जा चुका है, लेकिन सभी निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से इलाज नहीं होने के कारण कई बार मरीज को भटकना पड़ता है। उत्तराखंड सरकार ने सभी निजी अस्पतालों में आयुष्मान के तहत इलाज को अनिवार्य बनाने का बड़ा फैसला किया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अस्पतालों में आयुष्मान योजना के लिए 10 से 15 बेड आरक्षित किये जायेंगे। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा की समुचित व्यवस्था करने में सरकार के सभी प्रयास विफल हुए हैं। कुछ पर्वतीय शहरों व कस्बों के निजी अस्पतालों में चिकित्सा की संतोषजनक व्यवस्था है, परन्तु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज निजी अस्पताल का महंगा इलाज करा पाने में असमर्थ रहते हैं। सभी निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा से लोगों को बड़ी राहत होगी। आयुष्मान योजना की शुरुआत में कुछ निजी अस्पतालों ने फर्जीवाड़ा भी किया था, हालांकि ऐसे अस्पतालों की संख्या ज्यादा नहीं थी। सरकार ने फर्जीवाड़ा करने वाले अस्पतालों को आयुष्मान योजना की सूची से हटा दिया था। सभी निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा और बेड आरक्षित करने के निर्देश के बाद राज्य के स्वास्थ्य विभाग के साथ प्रशासनिक अधिकारियों को अस्पतालों में उपलब्ध तकनीकी उपकरण तथा अन्य व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। सभी निजी अस्पतालों में चिकित्सा की उच्च स्तरीय सुविधा नहीं है। बिना सुविधा के मरीज को भर्ती करके आयुष्मान कार्ड से इलाज का खर्च सरकार से वसूल करने के लिए फर्जीवाड़ा होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। आयुष्मान भारत योजना शुरू होने पर केन्द्र सरकार ने संख्या निर्धारित की थी। उत्तराखंड सरकार ने केन्द्र सरकार के निर्देश का पालन नहीं किया और राज्य के सभी नागरिकों के लिए अटल आयुष्मान कार्ड बना दिये। उत्तराखंड सरकार द्वारा बनाये कार्ड से राज्य के अस्पतालों में इलाज मिल रहा है, परन्तु बहुत से लोगों ने शिकायत की है कि उत्तराखंड के आयुष्मान कार्ड को अन्य राज्यों के अस्पतालों में स्वीकार नहीं किया जा रहा है। राज्य सरकार को ऐसी शिकायत पर गंभीरता से विचार कर समाधान करना होगा।

# कप्तान मीणा ने ली जिलेभर की अपराध गोष्ठी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के पुलिस कप्तान प्रह्लाद नारायण मीणा ने शुक्रवार को नैनीताल स्थित पुलिस लाईन सभागार में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना व शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी की गई।

गोष्ठी में पुलिस कप्तान मीणा ने अपने अधीनस्थों को कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्रग फ्री देवभूमि मिशन को सार्थकता देने के लिए नशे पर प्रभावी अंकुश लगाएं। कार्ययोजना बनाकर नशा तस्करी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें। कहा कि आबकारी अधिनियम में कार्यवाही बढ़ाई जाएं व अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्यवाही की जाय। कहा कि साइबर अपराधों का ग्राफ बढ़ रहा है जो बेहद चिंतनीय है। कहा कि सभी थाना प्रभारी व साइबर प्रभारी जनता में जागरूकता बढ़ाएं। साइबर अपराधों में अधिक से अधिक मुकदमे दर्ज करें। पुलिस कप्तान ने कहा कि शस्त्र अधिनियम में अधिक से अधिक कार्यवाही करें। फ



ायरिंग की घटना किसी भी थाना क्षेत्र में न होने पाए। समाज में गुंडागर्दी करने वाले लोगों को चिन्हित कर मुकदमे दर्ज करें। पुलिस एक्ट में अधिक से अधिक कार्यवाही करें।

उन्होंने कहा कि कोर पुलिसिंग पर फोकस करें तथा क्वालिटी विवेचना सुनिश्चित की जाय। कहा कि जुआ अधिनियम में कार्यवाही बढ़ाएं। जुए व सट्टे के ठिकाने खंगाले जाएं तथा धरपकड़ की जाय। कहा कि जीआरपी के साथ समन्वय स्थापित कर रेलवे स्टेशनों में भी चैकिंग की जाय। अनैतिक गतिविधियों पर अंकुश लगाएं। कहा कि गृह भेदन के मामलों का शीघ्र अनावरण करें तथा बरामदगी कर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें।

बोले कि महिला उत्पीडन् और घरेलू हिंसा संबंधी मामलों की ग्रैविटी के अनुकूल जांच कार्यवाही करें। मारपीट के मामलों में कड़ा रुख अपनाए। कहा कि कानून व्यवस्था ड्यूटी के लिए प्रभावी मैन पावर मैनेजमेंट करें। पॉजिटिव वातावरण और कंस्ट्रक्टिव विचारधारा विकसित करें। पुलिस कप्तान मीणा ने कहा कि अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को बेहतर लाइफ स्टाइल रखने तथा टाइम मैनेजमेंट, फि टनेस पर ध्यान देने हेतु प्रेरित करें जिससे पुलिसिंग में बेहतर परिणाम हासिल हो सकें। उन्होंने कहा कि लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करे सभी क्षेत्राधिकारी अपनेदूअपने सर्किल की विवेचनाओं की प्रभावी समीक्षा करें। कहा कि आगामी विंटर कार्निवलध्पर्यटन सीजन के दृष्टिगत सभी संबंधित नैनीताल समेत अन्य पर्यटन स्थलों हेतु प्रभावी यातायात प्लान तैयार कर लें। पर्यटकों और स्थानीय जनता के लिए सुगम यातायात व्यवस्था स्थापित करें। मासिक अपराध गोष्ठी में प्रकाश चंद्र एसपी सिटी हल्द्वानी, हरबन्स सिंह एसपी क्राइम/यातायात नैनीताल नितिन लोहनी सीओ हल्द्वानी, श्रीमती दीपशिखा अग्रवाल सीओ लालकुआं, प्रमोद कुमार साह सीओ नैनीताल, सुमित पांडे सीओ भवाली तथा भगवत सिंह राणा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन समेत सभी थाना प्रभारी व शाखा प्रभारीए यातायात व सीपीयू प्रभारी मौजूद रहे।

## दहशतः सीसीटीवी में तेंदुआ कुत्तों के पीछे दौड़ता दिखा

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल थाने के तहत धोबीघाट क्षेत्र में एक तेंदुआ कुत्तों के पीछे दौड़ता हुआ सीसीटीवी में कैद हुआ है। क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक से लोगों में भय का माहौल है।

बता दें कि नैनीताल के अलग- अलग रिआयसी क्षेत्रों में तेंदुए की आवाजाही के कई वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुए हैं, वहीं कई बार लोगों की ओर से क्षेत्र में गश्त की भी मांग की गई है। अब सोशल मीडिया में तल्लीताल धोबीघाट का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें तेंदुआ कुत्तों के पीछे दौड़ रहा है साथ ही एक कुत्ते पर तेंदुए ने हमला भी किया है लेकिन कुत्ता हमले से बच गया। वीडियो में तेंदुए की हरकतें देख लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त करने की मांग की है। मामले में नैनीताल वन प्रभाग के नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी त्रिलोक सिंह बोरा ने बताया कि क्षेत्र में गश्त कर तेंदुए पर नजर रखने के साथ उसको जंगल की ओर भगाने का प्रयास किया जाएगा।

# एकीकृत बीएड विभाग कुमाऊं विवि में विभागीय स्तर पर युक्त छात्र-संसद का गठन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**


एकीकृत बीएड विभाग कुमाऊं विवि में विभागीय स्तर पर छात्र संसद का गठन किया गया। बता दें कि नवीनतम शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विभागीय स्तर पर विद्यार्थी कल्याण हेतु बीएड प्रथम सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की संयुक्त छात्र-संसद का गठन किया गया, जिसके लिए पूर्व में प्रचार-प्रसार हेतु तीन दिवस का अवसर प्रदान करते हुए गुरुवार को मतदान की तिथि सुनिश्चित की गई थी।

काबिलेगौर है कि संकायाध्यक्ष शिक्षा प्रो.अतुल जोशी के दिशा-निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष एकीकृत बीएड विभाग डॉ.अशोक उप्रेती की अध्यक्षता में विभागीय स्तर पर 19 पदों के प्रभार के लिए विद्यार्थी संघ समिति के प्रभारी डॉ.हेमा मेहरा, डॉ. भूपेंद्र सिंह तथा डॉ. शाहिद हुसैन के नेतृत्व में सफ लतापूर्वक चुनाव संपन्न कराया गया। विद्यार्थियों ने अपनी व्यापक उपस्थित देते हुए मतदान किया, वहीं मध्यान्ह में चुनाव संपन्न होने के उपरांत मतगणना समिति में डॉ. अशोक उप्रेती की अध्यक्षता में डॉ पुष्पा अधिकारी तथा वर्षा पंत व तेज प्रकाश जोशी, डॉ. सरोज शर्मा, आकांक्षा शैली, डॉ. हेमा मेहरा तथा डॉ शाहिद हुसैन ने निष्पक्ष और पारदर्शिता से मतगणना की गई। उधर विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक उप्रेती ने गुरुवार की सायंकाल की बेला पूर्व सभी गुरुजनों एवं छात्र -छात्राओं की उपस्थिति में सूचना एवं जनसंपर्क समिति के प्रभारी को सूचित करते हुए बताया कि छात्र संसद के अध्यक्ष पद हेतु दो प्रत्याशियों के बीच चुनाव चुनाव में तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अनीमा ने 105 मत प्राप्त कर विजय रहीं वहीं प्रथम सेमेस्टर के छात्र सुजल ने 45 प्राप्त किए जबकि छात्र उपाध्यक्ष पद हेतु छात्र शाखा में जतिन कुमार और छात्रा-उपाध्यक्ष के लिए छात्रा शाखा में तृतीय सेमेस्टर की छात्रा पूर्व उपाध्यक्ष अंजलि सिराला ने दूसरी बार पुन-विजय प्राप्त की, वहीं सांस्कृतिक विभाग के लिए छात्र शाखा में अभिषेक और छात्रा शाखा में हिमानी सतवाल ने भारी मतों से विजय प्राप्त की। अनुशासन समिति में प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दिया जोशी एवं बबीता पांडेय विजयी रहीं वहीं शिक्षा विभाग प्रतिनिधि के पद पर अश्विनी और प्रियांशी सनवाल, स्वच्छता एवं पर्यावरण विभाग प्रतिनिधि के पद पर भूमिका दुर्गापाल व हिमानी सुयाल तथा सूचना विभाग प्रतिनिधि के पद पर तृतीय सेमेस्टर के छात्र कार्तिकेय विजयी रहे वहीं वित्त विभाग प्रतिनिधि के पद पर चिराग और तृप्ति गोस्वामी ने जीत हासिल की खेल विभाग प्रतिनिधि के पद पर विनीत तथा आयुष और कल्पना विजेता रहे। पर्यटन विभाग प्रतिनिधि के पद पर अदिति, प्रतिभा बोरा एवं अनुराग ने विजय प्राप्त की। सूचना एवं जनसंचार विभाग प्रतिनिधि के पद पर आकांक्षा बहेरा और नेहा विजयी रहीं वहीं संपादक विभाग प्रतिनिधि के पद पर अमन और इशिता को निर्विरोध विजय मिली जबकि प्रथम सेमेस्टर कक्षा प्रतिनिधि के पद पर वैशाली कर्नाटक और तृतीय सेमेस्टर में कक्षा प्रतिनिधि के पद पर दिव्या सुनाल भारी मतों से विजयी रहीं हैं। शुक्रवार को मार्निंग असेंबली में छात्र नेताओं ने अपने पद के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करने की शपथ ली वहीं इस अवसर पर संकायाध्यक्ष शिक्षा एवं विभागाध्यक्ष शिक्षा व छात्र.छात्राओं सहित सभी प्राध्यापकों व कर्मचारी वर्ग ने छात्र संसद के नेताओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और अपने दायित्व के प्रति समर्पित रहने का शुभ आशय व्यक्त किया । इस अवसर पर विभागाध्यक्ष शिक्षा डॉ अशोक उप्रेती, डॉ पुष्पा अधिकारी, वर्षा पंत, तेज प्रकाश जोशी, डॉ सरोज शर्मा, आकांक्षा शैली, डॉ हेमा मेहरा, डॉ भूपेंद्र सिंह व डॉ शाहिद हुसैन तथा कार्यालय सहायक हरीश कुमार और परिचारिका सुमन उपस्थित रहीं और सभी ने छात्र छात्राओं के प्रति मंगल कामनाएं अर्पित की गई।

# फिल्मी दुनिया

## अली फजल-जोया अख्तर समेत कई सितारे स्क्रीनिंग में शामिल





*पायल कपाड़िया निर्देशित फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट की स्क्रीनिंग पर मनोरंजन जगत की कई हस्तियां पहुंचीं। कौन-कौन पहुंचे इस स्क्रीनिंग पर जानिए। लंबे समय से पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट दुनिया भर में सुर्खियां बटोर रही हैं। कान फिल्म फेस्टिवल में धूम मचाने के बाद पायल कपाड़िया द्वारा निर्देशित यह फिल्म अब भारतीय दर्शकों को देखने को मिल रही है। आज इस फिल्म की स्क्रीनिंग पर बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री के कुछ नामी कलाकार पहुंचे। फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट की मुंबई में हुई स्क्रीनिंग में सबसे पहले जोया अख्तर और राणा दग्गुबाती पहुंचे। राणा इस फिल्म की स्क्रीनिंग पर इसलिए भी पहुंचे हैं, क्योंकि उनके जरिए यह फिल्म भारत के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। दरअसल, स्पिरिट मीडिया के संस्थापक और अभिनेता राणा दग्गुबाती ऑल वी इमेजिन एज लाइट का वितरण कर रहे हैं। जोया और राणा ने साथ में पैपराजी को पोज दिए। दक्षिण भारतीय अभिनेत्री समांथा रूथ भी फिल्म की स्क्रीनिंग पर पहुंची। वह सिंपल लुक में नजर आईं। पैपराजी को पोज देने के बाद वह स्क्रीनिंग के लिए अंदर चली गईं। पायल कपाड़िया को अभिनेता अली फजल लंबे समय से जानते हैं। वह भी फिल्म %ऑल वी इमेजिन एज लाइट की स्क्रीनिंग पर पहुंचे। अली फजल का लुक बड़ा ही हटकर नजर आया। लंबे बालों और ब्लैक सूट में वह काफी अच्छे लग रहे थे। पायल की फिल्म की स्क्रीनिंग पर आदर्श गौरव, रीमा कागती, मुनीषा खटवानी, रसिका दुग्गल और लक्ष्मी जैसे कलाकार भी नजर आए।*

### फिल्म की कहानी से सब हुए प्रभावित

*फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट की कहानी दिल को छू लेने वाली है। इस फिल्म में महिलाओं के जीवन और उनके संघर्ष को बहुत ही अलग ढंग दिखाया गया है। इस फिल्म ने साल की शुरुआत में कान फिल्म महोत्सव में ग्रैंड प्रिक्स पुरस्कार जीता। इसके बाद से ही फिल्म की चर्चा हर जगह होने लगी। जिन भी सितारों ने यह फिल्म स्क्रीनिंग में देखी, सभी इससे काफी प्रभावित हुए।*

# नगर पालिका की टीम ने गंदगी और अतिक्रमण पर कड़ी कार्रवाई कर चलाया अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर पालिका की टीम ने शुक्रवार को मल्लीताल स्थित गाड़ी पडाव क्षेत्र में गंदगी और अतिक्रमण पर कड़ी कार्रवाई करते हुए विशेष अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वितीय विनोद सिंह जीना ने किया।

बता दें कि अभियान के दौरान पालिका ने 8 दुकानदारों का गंदगी फैलाने और अतिक्रमण करने पर चालान किया गया।

इस चालानी कार्यवाही में कुल 10,000 रुपएं से अधिक रुपए की धनराशि वसूल की गई। नगर पालिका परिषद की ओर से की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में सफाई और अतिक्रमण पर नियंत्रण का संदेश दिया गया है। इस दौरान कमल कटियार, दिनेश रत्नाकर, विक्की सिलेलान, विकास तथा सनी और राजकुमार समेत अन्य कर्मचारी भी शामिल रहे।



News कॉर्नर

## अभियानः बहुवर्षीय पौधों में प्राण वायु स्लोगन लिखा

**नैनीताल ।** प्राण वायु अभियान के तहत गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व जिलाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता प्रो. शिव दत्त तिवारी ने डीएसबी परिसर के बॉटनी विभाग में अभियान चलाया तथा बहुवर्षीय पौधों में प्राण वायु स्लोगन लिखा। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो, शिव दत्त तिवारी ने कहा कि पौधे जीवन का आधार हैं तथा वही पर्यावरण को बनाते हैं,उन्होंने कहा कि पांच प्रकार के पौधे जो शैवाल, ब्रायोफाइट्स, टरिडोफाइट, जिम्नास्पर्मस तथा एंजियोस्परम हैं जो अपनी भूमिका में बिल्कुल सटीक होते हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो. लालित तिवारी ने कहा कि पौधे ही हमें ऑक्सीजन देते वह ही हमें भोजन देते देते है ये ही खाद्य श्रृंखला ही हमारे प्राण को संरक्षित रखते है। इस अवसर पर प्रो शिव दत्त तिवारी ने रसायन विज्ञान तथा वनस्पति विज्ञान व कॉमर्स में प्राण वायु अभियान चलाया। कार्यक्रम में विभाग के सभी गुरुजन मौजूद रहे।

## शहरी पथ विक्रेताओं के लिए विशेष अभियान चलाया

**नैनीताल ।** नगर पालिका परिषद नैनीताल में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। बता दें कि स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा कार्यक्रम 18 नवंबर से 2 दिसंबर तक चलाया जाना है जिसके अंतर्गत पीएम स्वनिधि योजना से वंचित रह गए पथ विक्रेताओं योजना की जानकारी देना है। बता दें कि महामारी तथा अन्य चुनौतियों के कारण पथ विक्रेताओं का कार्य प्रभावित हुआ है इन्हें सहारा देने के लिए सरकार ने पीएम स्वनिधि योजना लागू की जिसमें कि इन्हें बिना गारंटी के बैंक द्वारा लोन प्राप्त होता है तथा यह अपने कार्य को सुचारू रूप से चला सकते हैं। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार में सिटी मिशन मैनेजर सीमा पांडे,सीओ चंदन भंडारी,सोनू तिवारी व सीमा कुवंर आदि उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर हमला और तमंचे से फायर करने में नामजद आरोपियों में दो गिरफ्तार

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

तीन माह पहले एक राय होकर घर में घुसकर परिजनों से मारपीट और तमंचे से फायर करने में नामजद आरोपियों में दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में भूरारानी निवासी रंजीता ने कहा कि 17 अगस्त 2024 की शाम साढ़े पांच बजे गांव के ही निवासी संजीत साहनी अपने भाई संजय साहनी, पिता झनझट,चाचा भगवान दास,जीजा राहुल, फुफेरा भाई मनोज,मन्नू,चंदा,रंजीत साहनी, आशू साहनी धारदार हथियार व तमंचे लेकर जबरन घर में घुस आया।

आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने परिवार पर जानलेवा हमला कर देते है। जब बीच बचाव किया,तो हमलावरों ने तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। हमले में परिवार के लोग घायल हो गए।



आरोप था कि हमलावरों ने अश्लील हरकते की। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। 21 नवंबर को मिली सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे संजय साहनी और संजीत साहनी को फौजी मदकोटा रोड भूरारानी को गांधी पार्क के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया।

**कार्रवाई**
● फरार हमलावरों की गिरफ्तारी को पुलिस की कार्रवाई जारी

फरार अन्य हमलावरों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई मोहन चंद्र जोशी समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# व्यापार मंडल व होटल ऐसोसिएशन सडक़ चौड़ीकरण से परेशानी को लेकर अधिकारियों से बातचीत की

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर के तल्लीताल डॉट में हो रहे सडक़ चौड़ीकरण को लेकर शुक्रवार को नैनीताल व्यापार मंडल और होटल ऐसोसिएशन के लोगों ने लोनिवि के अधिकारियों से बातचीत की और चौड़ीकरण वाले स्थान पर हो रही परेशानियों के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि सडक चौड़ीकरण वाले स्थान पर वाहनों को मोडऩे में दिक्कते आ रही हैं, कहा कि गाँधी मूर्ति स्थानांतरण के बाद उस जगह पर वाहनों की आवाजाही ना की जाए क्योंकि वर्तमान समय में जहां गाँधी मूर्ति है उसके नीचे डॉट है, अगर उस पर गाडियां चलाई जाएगी तो रोड धंसने का खतरा हो सकता है। इस दौरान तल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष मारुति नंदन शाह समेत नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट तथा महासचिव वेद शाह समेत नासिर खान व राजेन्द्र मनराल आदि लोग मौजूद रहे।

इस दौरान लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने कहा कि ट्रैफिक इंजिनियर के नक्शे के अनुसार सडक़ का चौड़ीकरण किया गया है। जिससे जाम की स्थिति को कम किया जा सके।



# फाइनेंस बैंक के ब्रांच मैनेजर के साथ दंपति ने की मारपीट

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने दंपति पर ब्रांच मैनेजर के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट व जान से मारने की थमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दंपति पर अगवा करने की धमकी का आरोप है।

पुलिस के मुताबिक सूरज कुमार पुत्र ज्वाला प्रसाद आवास विकास मानस पीजी रूद्रपुर ने पुलिस को बताया कि वह एसबीएफसी फाइनेंस बैंक रुद्रपुर में शाखा ब्रान्च मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 14 नवंबर 2024 को शाखा में दो लड़कियों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ है। दोनों शाखा में सेल्स डिपाटमेन्ट में काम करती है। बताया कि दोनो लड़कियों को स्टाफ साथ मिलकर बीच बचाव करवाया। और दोनो को समझाया की झगड़ा मत करो। औफिस आने के लिऐ दोनो को मना कर दिया जब तक मामला शांत नही हो जाता। मैनेजर के मुताबिक उन्हीं में एक लड़की जिसका नाम अनीता लोहानी, पति विजेन्द्र सिंह निवासी मेट्रोपोलोसिटी ने दिनांक 16 नवंबर 2024 समय करीब दोपहर 12 बजे अनीता लोहानी, ने अपने पति विजेन्द्र सिंह के साथ आफिस में आकर उसके साथ गंदी गंदी गाली गलौच करते हुऐ मारपीट की। ऑफिस के स्टाफ के सामने उसे दंपति जाते जाते जान से मारने की धमकी एंव झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर चले गए। मैनेजर ने दंपति पर बैंक के बाहर आने पर अगवा करने धमकी दी। मैनेजर ने घटना की वीडियो पुलिस को दी है। थानाध्यक्ष मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि मैनेजर की तहरीर पर आरोपी दंपति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# प्रदेश कार्यशाला के बाद शुरू होगी भाजपा मंडल व जिलाध्यक्ष की चयन प्रक्रिया

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

भाजपा की 27 नवम्बर को होने वाली प्रदेश कार्यशाला के बाद मंडल और जिला अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

भाजपा संगठन महापर्व की राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए प्रदेश नेतृत्व ने राज्य के 70 फीसदी बूथों पर इकाई गठन की जानकारी दी है। दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट द्वारा केंद्रीय नेतृत्व को इस संबंध में अवगत कराया गया है। इसके उपरांत 27 नवम्बर को देहरादून में प्रदेश कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संगठन चुनाव के अगले चरण में मंडल और जिला इकाई गठन कार्ययोजना को साझा किया जाएगा। जिसके बाद, जिला एवं मंडल स्तर पर भी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संगठन चुनाव प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को लेकर बताया कि पहले चरण में अब तक प्रदेश के 70 फीसदी से अधिक बूथों पर 12 सदस्यीय समिति का गठन किया जा चुका है। पार्टी संविधान के अनुसार 50 फीसदी से अधिक बूथ इकाइयों के बनने के बाद मंडल अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। मंडल अध्यक्षों के चयन की संख्या 50 फीसदी से अधिक होगी तो सांगठनिक जिलों के अध्यक्ष और फिर इसी तरह प्रदेश अध्यक्ष का चयन होगा। पार्टी का प्रयास होगा कि पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से हो, चुनाव कराने की स्थिति में पार्टी की तरफ से नामांकन फॉर्म उपलब्ध कराए जाएंगे। पार्टी नेतृत्व का स्पष्ट निर्देश है कि जिम्मेदार पदों पर नियुक्ति को लेकर समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों के उचित प्रतिनिधित्व का ध्यान रखा जाए।

**गठन**
● 70 फीसदी से अधिक बूथों पर 12 सदस्यीय समिति का गठन

# पुलिस को देख शराबियों में मची भगदड़, पुलिस ने घेराबंदी कर 19 दबोचे

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

गुरुवार रात को गश्त कर रही पुलिस को देख शराबियों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर 19 लोगों को हिरासत में ले लिया और चौकी ले जाया गया। पुलिस ने पुलिस एक्ट में कार्रवाई के बाद हिदायत देकर छोड़ा। पुलिस के मुताबिक एसएसपी के निर्देश पर पुलिस का ढाबा और सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने व पिलाने वालों के खिलाफ अभियान चल रहा है। इसी अभियान के तहत आदर्श कालोनी पुलिस चौकी प्रभारी होशियार सिंह के नेतृत्व में गुरुवार रात पुलिस भूरारानी क्षेत्र में गश्त कर रही। इसी दौरान एक जगह पर पुलिस को देख भगदड़ गई। पुलिस ने घेराबंदी कर कुछ लोगों को हिरासत में लिया। चौकी प्रभारी के मुताबिक फ्लाईओवर के पास भी पुलिस ने सार्वजनिक जगह पर शराब पी रहे लोगों को हिरासत में लिया। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि आदर्श कालोनी पुलिस ने 19 लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि पुलिस हिदायत दी कि दोबारा सार्वजनिक स्थान या सड़क पर शराब पीते मिले तो सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। पुलिस को देख कई शराबी बोतलें छोड़ भाग गए। पुलिस ने बोतलों को तोड़ दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस की कार्रवाई के दौरान कई ऐसे युवक हत्थे चढ़ गये,जो कहीं बाहर पढ़ाई करते हैं। पुलिस की वीडियोग्राफी करते समय अपना चेहरा छिपाते नजर आ रहे।

**धरपकड़**
● कई मौके पर शराब की बोतलें छोड़ भागे, बोतलें तोड़ी



# गैर-इरादन हत्या के वाद में 9 साल बाद आरोपी दोषमुक्त

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

मुकदमें के अनुसार दिनांक 03.मई.2016 को केदार सिंह रावत पुत्र स्व0 हर्ष सिंह रावत, निवासी बिठौरिया नंबर एक हल्द्वानी की राजकीय विद्यालय फौसी भरकोटा उधमसिंह नगर में शिक्षक के पद पर नियुक्त थे, अपनी स्कूटी नंबर यू.के.04एन. 1266 से समय लगभग पौने दो बजे मुखानी होते हुए अपने घर के लिए जा रहे थे कि एक टेंकर नंबर यू.के.06सी.ए. 2588 जिसको उसका चालकर तेजी एवं लापरवाही से कॉपरेटिव बैंक की तरफ से तिकोनिया की तरफ ले जा रहा था, ने टक्कर मार कर कुचल दिया, जिससे केदार सिंह रावत की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। केदार सिंह रावत अध्यापक के गैर इरादन हत्या अपराध के लिए थाना हल्द्वानी में दिनांक 3-5- 2016 को मुकदमा पंजीकृत होने के बाद जांच अधिकारी द्वारा अपनी विवेचना में धर्मवीर के विरुद्ध अंतर्गत धारा 279 ,338, 304 ए भारतीय दंड संहिता का मुकदमा पंजीकृत कर तमाम विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया न्यायालय में अभियोजन की ओर से अपने पक्ष को सिद्ध करने के लिए 9 गवाहों को पेश किया गया। अभियुक्त की ओर से पैरवी कर रहे हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव राजन सिंह मेहरा एडवोकेट द्वारा गवाहों के बयानों में अत्यधिक विरोधाभास लाने तथा न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज प्रथम के न्यायालय में जोरदार बहस और अपने पक्ष रखना के आधार पर न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज प्रथम गुलिस्ता अंजुम द्वारा अभियुक्त धर्मवीर को 9 साल बाद लंबी लड़ाई के उपरांत दोष मुक्त कर दिया।

## भाजपा के शक्ति केंद्र सूखाताल के पांच बूथों का गठन संपन्न

**नैनीताल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल नैनीताल के अंतर्गत शक्ति केंद्र सूखाताल के पांच बूथों का गठन संपन्न कराया गया जिसमें सर समिति से बूथ 94 में दीवान सिंह बिष्ट तथा बूथ 95 में हेमा पांडे तथा बूथ 96 में नीमा अधिकारी जबकि बूथ नंबर 102 में हंसी आर्य तथा बूथ नंबर 103 में नरेंद्र सिंह बिष्ट को बूथ अध्यक्ष चुना गया। शक्ति केंद्र के चुनाव को संपन्न कराने में शक्ति केंद्र संयोजक अरविंद पडियार तथा कई सहयोगी जुटे रहे।

# परंपराः गोलज्यू संदेश यात्रा के नैनीताल पहुंचने पर भव्य स्वागत

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं मंडल के चम्पावत से 4 नवंबर को शुरू हुई गोलज्यू संदेश यात्रा शुक्रवार को नैनीताल पहुँची।

बता दें कि इस यात्रा ने उत्तराखण्ड के 50 पड़ावों और 3200 किलोमीटर की दूरी तय की है। यात्रा का उद्देश्य राज्य की एकता को बढ़ावा देना और सांस्कृतिक धरोहर को जागरूक करना है। गोल्जू संदेश यात्रा जो हर दो साल में एक बार आयोजित होती है अब नैनीताल के बाद घोडाखाल और देवीधूरा के पड़ाव से होते हुए 24 नवंबर को यात्रा का समापन करेगी। यात्रा में कई श्रद्धालु और स्थानीय लोग शामिल होते हैं जो उत्तराखण्ड की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का हिस्सा बनते हैं। इस अवसर पर यात्रा के आयोजकों और स्थानीय लोगों ने प्रदेश की सांस्कृतिक धारा को मजबूत करने के प्रति अपने संकल्प को दोहराया और इस तरह के आयोजनों को राज्य के विकास में अहम भूमिका निभाने वाला बताया। इस दौरान विजय भट, श्याम सिंह कार्की, प्रतिपाल सिंह कार्की, नरेंद्र पांडे, गौरव कार्की, दीपांशु कार्की, तुषार कार्की, कमल जीना, सुनील गोस्वामी, कमल रावत और पौड़ी से मोहन राम व उनकी टीम मौजूद रही। इस दौरान कई स्थानीय लोग भी यात्रा के स्वागत में शामिल रहे।

